पंजाब केसरी 19/10/2024

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों का 47वें जोनल यूथ फैस्टिवल में शानदार प्रदर्शन

जोनल यूथ फैस्टिवल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 18 अक्तूबर (बलराम): जोनल यूथ फैस्टिवल में जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का दिल जीत लिया। यही नहीं, कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई पुरस्कार अपने नाम किए।

जी.एम.एन. कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डा. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन कॉलेज के छात्रों ने कई प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया और कई पुरस्कार अपने नाम किए। उन्होंने बताया कि हमारे छात्रों ने संगीत, नाटक कला, संस्कृत नाटक, पेंटिंग, क्विज और माइम जैसी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन सभी प्रतिस्पर्धाओं में छात्रों में उत्कृष्टता का परिचय दिया और प्रथम दिन ही महोत्सव में अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज कराई।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों और उनकी टीम को इस महान उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों की यह सफलता कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है। उनकी कड़ी मेहनत और टीमवर्क ने सुनिश्चित किया कि कॉलेज का नाम इस प्रतिष्ठित महोत्सव में चमके। मैं सभी प्रतिभागियों और टीम सदस्यों को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई देता हूं और भविष्य में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की कामना करता हूं।